वर्ष 1 - अंक 60
बुधवार 29 जनवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

## निर्माण कार्य के दौरान निर्माणधीन स्थल पर संकेतक नही लगाने एवं सी एंडी वेस्ट फैलाने पर 2 कंपनी पर 1-1 लाख की चालानी कार्यवाही



**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

**इंदौर।** आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा शहर में निगम द्वारा किये जा रहे निर्माण व रेस्टोरेशन कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त सुरक्षा संसाधन एवं बेरिंगेटस के साथ ही संकेतक अनिवार्य रूप से निर्माणकर्ता एजेंसी को लगाने के निर्देश के क्रम में सुरक्षा नियमो के विपरित कार्य नही करने एवं सी एंड डी वेस्ट सडक किनारे फैलाने पर संबंधित के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

झोन क्रमांक 15 झोनल अधिकारी सुनिलसिंह जादौन ने बताया कि आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार अन्नपूर्णा रोड पर सीवर लाइन के पाईप लाईन डालने का किया जा रहा था, उक्त निर्माण स्थल पर सडक किनारे मटेरियल पडा होने के साथ ही सुरक्षा के लिये गये बैरिगेटस पर संकेतक व कार्य प्रगति पर है संबधित बोर्ड नही होने पर निर्माणकर्ता फर्म जेएम रामानी पर राशि रूपये 1 लाख की चालानी कार्यवाही करते हुए, निर्माणकर्ता को नियमानुसार पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था व संकेतक लगाने के भी निर्देश दिये गये।

झोन 22 झोनल अधिकारी शिवराज यादव ने बताया कि आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार झोन क्रमांक 22 अंतर्गत मध्य प्रदेश पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड द्वारा देवास नाका से निपानियां चौराहे तथा देवास नाका से मांगलियां डिपो तक केबल लाईन डालने के कार्य के दौरान सडक किनारे ही खुदाई कर मुख्य मार्ग व खाली मैदान पर मटेरियल व सी एंड डी वेस्ट डालने पर यातायात बाधित होने पर मध्य प्रदेश पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड पराशि रूपये 1 लाख की चालानी कार्यवाही की गई।

## नगर निगम इंदौर केट के सहयोग से कर रहा है चौराहे का विकास

### महान वैज्ञानिक डॉ. राजा रमन्ना की प्रतिमा कैट द्वारा होगी स्थापित




**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

**इंदौर।** राजेंद्र नगर और आसपास के क्षेत्रों में विकास और सौंदर्यीकरण के कार्य निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में आज कैट चौराहे के सौंदर्यीकरण और विकास कार्य की शुरुआत भूमि पूजन के साथ की गई। इस अवसर पर घोषणा की गई कि कैट चौराहे का नाम अब डॉ. राजा रमन्ना चौराहा होगा। निगम द्वारा कैट के सहयोग से चौराहे पर रोटरी बनाकर सौंदर्यीकरण किया जाएगा और इसके केंद्र में महान परमाणु वैज्ञानिक डॉ. राजा रमन्ना की प्रतिमा कैट द्वारा स्थापित की जाएगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, महापौर प्रतिनिधि भारत पारेख, तथा कैट के निदेशक उनमेश मालशे समेत कई गणमान्य नागरिक और वैज्ञानिक उपस्थित थे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सांसद शंकर लालवानी ने कहा, "इंदौर हमेशा से प्रबुद्धजनों और प्रेरणा देने वाले व्यक्तित्वों का शहर रहा है। डॉ. राजा रमन्ना जैसे महान वैज्ञानिक की प्रतिमा यहां के युवाओं को प्रेरित करेगी और देश की प्रगति के लिए कार्य करने का संदेश देगी। महापौर प्रतिनिधि भारत पारेख ने कहा कि चौराहे का सौंदर्यीकरण कार्य निश्चित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने नगर निगम की ओर से विकास कार्यों में समर्पण का भरोसा दिलाया। कैट के निदेशक उनमेश मालशे और अन्य वैज्ञानिकों ने इस पहल की सराहना की और नगर निगम के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद एवं झोन अध्यक्ष श्री प्रशांत बडवे ने किया। उन्होंने झोन क्रमांक 21 में जारी विकास कार्यों के लिए महापौर, सांसद, और विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कैट के पूर्व निदेशक शंकर वी. नाखे, अपर निदेशक तुषार पुणतांबेकर, वार्ड 79 की पार्षद लक्ष्मी संजय वर्मा, वार्ड संयोजक मनोहर व्यास, और क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सफेदपोश होंगे बेनकाब

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

**इंदौर। आरटीओ का पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा लोकायुक्त की गिरफ्त में आ गया है। मंगलवार को कोर्ट ने लोकायुक्त पुलिस को सौरभ शर्मा से पूछताछ के लिए सात दिन की रिमांड दे दी। सौरभ पूछताछ में कई राज खोलेगा। इसमें कई बड़े नेताओं से लेकर अफसरों तक की सांसें फूला दी हैं।**

परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार का सरगना आरटीओ का पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा 41 दिन बाद लोकायुक्त की गिरफ्त में आ गया। मंगलवार को लोकायुक्त पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश किया, जहां से उसे सात दिन की रिमांड पर भेज दिया गया। सौरभ के साथ ही लोकायुक्त की पकड़ में उसके साथी चेतन सिंह गौड़ और शरद जायसवाल भी आ गए। अब लोकायुक्त तीनों से अलग-अलग और आमने-सामने बैठा कर पूछताछ करेगी। इसमें कांस्टेबल आरटीओ के बड़े घोटाले में कई बड़े खुलासे कर सकता है। शर्मा की गिरफ्तारी ने प्रदेश के कई बड़े नेता और अफसरों की सांसें फूला दी हैं। सौरभ शर्मा की परिवहन विभाग में नियुक्ति शिवराज सरकार में पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के कार्यकाल में हुई थी। उसकी नियुक्ति भी सवालों के घेरे में है। हालांकि, इन आरोपों पर भूपेंद्र सिंह जवाब दे चुके हैं कि कांस्टेबल की नियुक्ति में मंत्री का सीधा कोई दखल नहीं होता।

सौरभ शर्मा 2016 से 2023 तक नौकरी में रहा। इस बीच, कांग्रेस से भाजपा में आए गोविंद सिंह राजपूत, कमलनाथ और शिवराज सरकार में परिवहन मंत्री रहे। सौरभ शर्मा ने उनके कार्यकाल में करीब चार साल तक नौकरी की। दरअसल, कांग्रेस के कई बड़े नेता आरोप लगा चुके हैं कि एक कांस्टेबल इतना पैसा बिना किसी सफेदपोश और बड़े अधिकारी के संरक्षण के बगैर नहीं कमा सकता। इसमें गोविंद सिंह राजपूत पर भी आरोप लगे। हालांकि, राजपूत ने भी इन आरोपों पर जवाब दिया कि इस मामले में मेरा कोई लेना—देना नहीं है। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। जांच के बाद सब क्लियर हो जाएगा।

### डायरी में कई अधिकारियों के नाम

सौरभ के दोस्त चेतन गौर की गाड़ी में एजेंसी को एक डायरी मिली है, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों के हिसाब किताब लिखा होने की बात सामने आई है। अब सौरभ और चेतन गौड़ पूछताछ में डायरी में किन अधिकारियों का लेखा जोखा है, उसका खुलासा कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि डायरी में उन अधिकारियों की पूरी डिटेल है, जिनको उगाही का हिस्सा देता था। ऐसे में कई अधिकारियों और नेताओं की अब धड़कनें बड़ी हुई हैं।

### कार्यप्रणाली पर खड़े हुए सवाल

सौरभ शर्मा के ठिकानों पर लोकायुक्त ने 19 दिसंबर को छापा मारा था। इसके बाद से वह फरार था। इसके बाद एजेंसियों के उसके दुबई जाने की बात कही। वहीं, रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया। हालांकि, बाद में उसके 23 दिसंबर को भारत लौट आने की जानकारी भी सामने आई। वह इसके बाद से दिल्ली समेत अलग-अलग शहरों में घूम रहा था।

# बड़े ही धूमधाम के साथ बनाया जा रहा है सेवा सप्ताह



विश्व एन,जी,ओ दिवस के उपलक्ष्य में विश्व में पहली बार एनजीओ व सामाजिक व्यक्तियों के सम्मान में एनजीओ सेवा सप्ताह इस वर्ष इंदौर मध्यप्रदेश में बड़े ही धूमधाम के साथ बनाया जा रहा है, इस वर्ष एन,जी,ओ सेवा सप्ताह की थीम पर्यावरण, स्वास्थ व स्वच्छता, है, 24 फरवरी से 2 मार्च तक विभिन्य सेवाकार्य व आयोजन मध्यप्रदेश एनजीओ महासंघ के साथ विभिनय सामाजिक संस्थाएं करने जा रही है, आयोजन 7 दिन तक इस प्रकार रहेंगे

24 फरवरी ( सोमवार ) पौधारोपण

25 फरवरी ( मंगलवार ) कान्हा नदी सफाई

26 फरवरी ( बुधवार ) स्वास्थ शिविर

27 फरवरी ( गुरुवार ) पद यात्रा व राजवाड़ा दीप उत्सव

28 फरवरी ( शुक्रवार ) एनजीओ शक्ति फाग उत्सव )

1 मार्च ( शनिवार ) वाहन रैली

2 मार्च ( रविवार ) उत्कर्ष एनजीओ सम्मान समारोह

साथ ही मध्यप्रदेश गौरव रत्न सम्मान, मध्यप्रदेश उत्कृष्ट एनजीओ सम्मान, समाजसेवी सम्मान आदि भी उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को प्रधान किए जाएंगे...

इस आयोजन में मध्यप्रदेश ही नहीं प्रदेश के बाहर से भी सामाजिक संस्थाएं आ रही है, पहली बार एक स्थान पर इतनी संस्थाएं जो कि समाजसेवा के विभिन्न कार्य करती है, एक साथ नजर आने वाली है, मध्यप्रदेश के 9 रत्न, 21 समाजसेवी, 51 संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।

# धार्मिक यात्रा..

## राकेश गर्ग टिल्लू भैया परिवार सहित जल चढ़ाने के लिए रामेश्वरम रवाना

रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)



शिवपुरी। राकेश गर्ग टिल्लू भैया एवं उनका परिवार मंगलवार की सुबह रामेश्वरम जल चढ़ाने के लिए एवं गंगा सागर की यात्रा के लिए रवाना हुए। स्थानीय लोगों ने तीर्थ यात्रा से पहले राकेश गर्ग टिल्लू भैया एवं उनके परिवार का स्वागत कर धूमधाम से उन्हें रवाना किए। के साथ सुबह मां , राजराजेश्वरी मैया, के दर्शन कर शिवपुरी से ग्वालियर अपनी निजी कार से रवाना हुए इसके बाद एरोप्लेन से रामेश्वरम की यात्रा के लिए रवाना हुए इसके पहले सभी लोगों ने राकेश गर्ग टिल्लू भैया एवं उनके परिवार को पुष्पमाला पहनाकर रवाना किया। इन लोगों के कही दिनों की यात्रा बताई गई है वही आपको बता दें की माना जाता है इस मंदिर में आज भी भगवान राम करते हैं महादेव की पूजा, जानें रामेश्वरम का चौंकाने वाला रहस्य जसवंत नगर कस्बा में एक ऐसा मंदिर स्थापित है. जहां भगवान राम महादेव की पूजा अर्चना करने पहुंचे थे. इस मंदिर का नाम जसवंतनगर में ही नहीं आसपास के कई क्षेत्रों में प्रसिद्ध है. जनपद के जसवंतनगर कस्बा में एक ऐसा मंदिर स्थापित है. जहां भगवान राम महादेव की पूजा अर्चना करने पहुंचे थे. इस मंदिर का नाम जसवंतनगर में ही नहीं आसपास के कई क्षेत्रों में प्रसिद्ध है इस मंदिर को लोग रामेश्वरम मंदिर के नाम से जानते हैं. क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना यह है कि यह मंदिर करीबन 300 वर्ष पुराना है और सबसे पुरानी ऐतिहासिक इटावा जनपद ही नहीं बल्कि इस पूरे प्रदेश में अपनी ख्याति बिखेरने वाली मैदानी रामलीला की भी शुरुआत इसी मंदिर से हुई थी. 1855 में जसवंत नगर की रामलीला की शुरुआत हुई और भगवान राम अपने लीला दिखाने से पहले भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं. यह पूरे भगवान राम के रूप को धारण कर भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पहुंचते हैं और वहां पूजा अर्चना करते हैं इसलिए इस मंदिर का नाम उसी समय से रामेश्वरम पड़ गया. इस मंदिर की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि यहां जो भी सच्चे मन से भगवान भोलेनाथ से मांगता है वह उनकी हर मनोकामना को पूरी करते हैं।

### सावन में हजारों की संख्या में पहुंचते हैं श्रद्धालु

यहां की प्रसिद्ध मैदान की रामलीला का भी एक बड़ा इतिहास है सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ के मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और माथा टेक कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं. नाग पंचमी के मौके पर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और नाग पंचमी का पर्व मनाया।

# मेधावी छात्र छात्राओं का किया सम्मान



हाटपीपल्या- स्थानीय दुग्ध सहकारी संस्था द्वारा इंदौर सहकारी दुग्ध संघ की मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना के तहत संस्था सदस्य मुकेश जमोडिया की पुत्री कुमारी आराधना जमोडिया द्वारा कक्षा 10 वीं में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर तथा आयुषी जमोडिया द्वारा कक्षा 12 वी में 64 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र एवं 1-1 हजार रुपये के चेक व सांची मिठाई के पैकेट देकर सम्मानित किया गया इसी प्रकार सांची जननी सुरक्षा योजना के तहत इंदौर सहकारी दुग्ध संघ की ओर से श्रीमती पूजा पति अर्जुन घासिया को 5 लीटर सांची घी प्रदान किया गया इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष मनोहर लाल तँवर उपाध्यक्ष देशराज धनगर संचालक अजय जोशी देवेंद्रसिह पटेल जितेंद्र सिंह राजावत, लोकेन्द्र हरनिया शकरलाल रलोती बाबूलाल अजमेरा शैलेंद्र सिंह सेंधव सचिव संतोष कुमार पंचोली धर्मेंद्र रलोती मनोहर गोविंद बराया बंशी लाल कराडिया शुभम पटेल मोहम्मद रफीक आदि उपस्थित थे।

# पीएम श्री खनियाधाना में छात्र-छात्राओं के लिए किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन!

**रणजीत टाइम्स जगदीश पाल**

खनियाधाना शिवपुरी शासन के आदेश अनुसार छात्र-छात्राओं का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण होते रहना चाहिए इस क्रम में आज दिनांक 28 जनवरी 2025 को पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक खनियाधाना में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रखा गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग के आई स्पेशलिस्ट



सेवानिवृत्त डॉक्टर पलेरिया डॉ हेमंत कुमार एवं स्वास्थ्य कर्मचारी गिरिराज कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, डॉ हेमंत ने बच्चों को स्वस्थ रहने के बारे में बताया एवं बीमारियों से बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारियां दी! साथ ही बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही डॉक्टर पलेरिया ने एक-एक करके बच्चों की आंखों का परीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार पुरोहित सेवानिवृत प्राचार्य रामगोपाल सोनी प्रभारी बी ई ओ पीएन पुरोहित, संकुलप्राचार्य राम गोपाल शर्मा,संवाद मित्र राजेश देव पांडे,जन शिक्षक उत्तम कुमार सोनी विद्यालय प्रभारी मनोज जैन एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे,सेवानिवृत प्राचार्य रामगोपाल सोनी एवं विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार पुरोहित द्वारा बच्चों को स्वस्थ रहने के संबंध में विभिन्न जानकारियां दी इसके बाद प्रभारी बीईओ पी एन पुरोहित द्वारा स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न छात्र-छात्राओं से पूछे गए, जिनके सही-सही उत्तर छात्रों द्वारा दिए गए ! कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया! इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 90 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया!

# एक 315 बोर का कट्टा मय जिन्दा राउण्ड एवं एक मोटरसाईकिल आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**रणजीत टाइम्स जगदीश पाल**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अवैध हथियारों के विरुद्ध अभियान में आज दिनांक 28.01.25 को मुखबिर सूचना पर से ग्राम भगुवां में रोड किनारे पर आरोपी कृष्णपाल उर्फ डिग्गी राजा बुंदेला पुत्र नाहर सिंह बुदेला उम्र 25 साल निवासी ग्राम रजपुरा थाना बार जिला ललितपुर उ.प्र. के कब्जे से एक लोहे की 315 बोर की अधिया मय 01 जिन्दा राउण्ड के एवं एक नीले रंग की बिना नम्बर की अपाचे मोटर साइकल जप्त की गई जिस पर से आरोपी के विरुद्ध थाना पिछोर पर अपराध क्र. 48/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया गिरफ्तार सुदा आरोपी को जे आर पर




न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

बरामद मालः –

1. एक 315 बोर की देशी अधिया कीमती करीब 05 हजार रूपये व एक 315 बोर का जिन्दा राउन्ड कीमती 100 रूपये
2. एक नीले रंग की अपाचे मोटर साईकल जिस पर नम्बर प्लेट नही है कीमती करीबन 1.5 लाख रूपये

भूमिका - थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई ,उनि अजय कुमार मिश्रा ,सउनि दीनदयाल शर्मा, आर. 425 धर्मेन्द्र लोधी की सराहनीय भूमिका रही।




**अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुपम राजन ने**

# इंदौर में ली समन्वय बैठक

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

**इंदौर। संभाग के लिए नियुक्त अतिरिक्त मुख्य सचिव से श्री अनुपम राजन ने आज इंदौर में संभागीय स्तर की बैठक में कहा कि इस व्यवस्था से विकास कार्यों में बेहतर समन्वय होगा और शासन स्तर पर लंबित मामलों के निराकरण में तेजी आएगी।**

राजन ने आज इंदौर संभाग में जन प्रतिनिधियों और सभी जिला कलेक्टरों और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद इंदौर शंकर लालवानी, सांसद झाबुआ श्रीमती अनीता नागरसिंह चौहान, विधायक सुश्री ऊषा ठाकुर, महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, राजकुमार मेव, कालूसिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझाव नोट किए गए और इस संबंध में आगे कार्रवाई के लिए कहा गया।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर में सड़क सुरक्षा यातायात प्रबंधन के संबंध में पूर्व में दिए गए सुझावों पर तेजी से अमल किया जाए। इंदौर मेट्रो रेल प्रॉजेक्ट प्रोजेक्ट के साथ साथ इंदौर सांवेर उज्जैन के विस्तारीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाए। विधानसभा क्षेत्र सांवेर के ग्राम डकाच्या और चंद्रावतीगंज में स्नातक स्तर के महाविद्यालय खोलने तथा इंदौर में कृषि विश्वविद्यालय आरंभ करने के सम्बंध में भी सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि एन.एच.ए.आई. के द्वारा 103 करोड़ की लागत से ए.बी. रोड बाईपास झलारिया और अर्जुन बड़ौदा पर निर्मित की जा रही सड़क एवं पुल का कार्य धीमी गति से चल रहा है। भारी एवं सुगम यातायात के लिए इस निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत 188 करोड़ रुपये लागत से 205 गाँव में नल जल योजना स्वीकृत की गई है, जिसमें पेयजल टंकी और सम्पवेल का निर्माण किया गया है। विभागीय लापरवाही के कारण ग्रामीण जनों को पेयजल सुविधा नहीं मिल पा रही है। यह विसंगति तत्काल दूर की जाए। महू विधायक सुश्री उषा ठाकुर और धरमपूरी विधायक कालूसिंह ठाकुर ने भी जल जीवन मिशन के कार्यों में भी सुधार की आवश्यकता जतायी। उन्होंने कहा कि अधूरी योजनाओं के कारण ग्रामीणों को सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विधायक से मधुर वर्मा ने उनके क्षेत्र के 32 ग्रामों में पेयजल की सुगम आपूर्ति की आवश्यकता जतायी।

**सांसद शंकर लालवानी**


इंदौर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि आवंटन की प्रक्रिया की आवश्यकता जतायी। उन्होंने इंदौर-देपालपुर 6 लेन बनाने में आ रही कमियों को शीघ्र पूरा कर पूरा करने की आवश्यकता जतायी। उन्होंने इंदौर-खंडवा रेल लाइन के निर्माण में आवश्यक भूमि प्रदान करने में वन विभाग की एन.ओ.सी. शीघ्र प्रदान करने की आवश्यकता भी जतायी। विधायक गोलू शुक्ला ने बैठक में मधुमिलन चौराहे में व्यवस्था बनाने का आग्रह किया।

**कलेक्टर आशीष सिंह**

बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया बैठक में संभाग के विभिन्न जिलों के कलेक्टरों ने अपने जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी भी दी।

# सांसद लालवानी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

रणजीत टाइम्स



**इंदौर**। शहर में यातायात को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिए यातायात सुधार की मुहिम लगातार जारी है। इस मुहिम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण, एआईसीटीएसएल, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के संयुक्त प्रयासों से सड़कों एवं चौराहों के तकनीकी सुधार, सौन्दर्यीकरण, सड़कों एवं फुटपाथों से अतिक्रमण हटाकर उन्हें बाधा मुक्ति, बैसमेंट को पार्किंग में परिवर्तित करने सहित अन्य गतिविधियां जारी है। इसी अभियान को गति देने के लिए आज सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक रेसीडेंसी कोठी में सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, डीसीपी ट्रैफिक अरविंद तिवारी, स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और यातायात विशेषज्ञ मौजूद थे।

हमें ऐसा सुगम यातायात बनाने की आवश्यकता है जो आगामी 50 वर्षों तक कायम रहे, इसके लिए सभी संबंधित विभागों को सुनियोजित यातायात के लिए अभी से प्रयास करने होंगे। शहर में अच्छे लेफ्ट टर्न बने, सुव्यवस्थित ट्राफिक सिग्नल के साथ कैमरे लगे हो। यातायात मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर हो। नियोजित तरीके से रोटरी बनायी जाये। यातायात के नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। यातायात विभाग समय-समय पर स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम चलायें, ताकि बच्चे से लेकर युवा भी यातायात के नियमों का ठीक प्रकार से पालन करें। यदि गलत सड़क, पुल-पुलिया निर्माण, स्पीड ब्रेकर, संकेतक आदि की वजह से वाहन चालक या पैदल यात्री हादसे का शिकार होता है तो उसके लिए ठेकेदार को जिम्मेदार माना जाए और उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाए। ट्राफिक पुलिस द्वारा स्पीडोमीटर से जाँच में यदि कोई वाहन चालक निर्धारित गति से अधिक गति से वाहन चलाते पाये जाने पर संबंधित वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शराब पीकर तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस सख्ती बरते, इससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। यातायात विभाग भी चौराहे पर यातायात को सुगम बनाने में विशेष ध्यान दे।

शहर में अधिकांश चौराहों पर ट्राफिक सिग्नल के साथ-साथ कैमरे भी लगे हुए हैं, जिससे यातायात सुगम बना हुआ है। अभी भी कुछ चौराहों पर कैमरे लगना बाकी है। इसके लिए सांसद निधि से एक करोड़ रुपये की राशि ट्राफिक पुलिस को दी जाएगी। श्री लालवानी ने आईडीए सहित नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर बताये कि शहर में कितने लेफ्ट टर्न, डिवाइडर, ट्राफिक सिग्नल आदि बनना है, उसकी रिपोर्ट दें। लेफ्ट टर्न निर्माण में यदि कोई तकनीकी या अतिक्रमण संबंधी बाधा आ रही है, तो उसका निराकरण संबंधित विभागों के साथ समन्वय के साथ करें। अरविन्दो चौराहे से उज्जैन की ओर जाने वाले मार्ग पर बार-बार लगने वाले ट्राफिक जाम का निराकरण किया जाए।

## विधायक वर्मा ने कहा

राजीव गाँधी चौराहा और राजेन्द्र नगर चौराहे पर बसों के खड़े रहने से अन्य वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार जाम की स्थिति भी बन जाती है, उसका निराकरण किया जाए। पालदा से आरटीओ की ओर जाने वाले मार्ग पर निजी बसों की अवैध पार्किंग से बार-बार यातायात बाधित होता है। मांगलिया टोल नाके पर अवैध अतिक्रमण से अन्य वाहन चालक परेशान होते है।

बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि एबी रोड पर फ्लाईओव्हर बनना है। एलआईजी चौराहा से नवलखा तक की रोड़ को 30 मीटर से बढ़ाकर लगभग दोगुनी करना है। इसी तरह एलआईजी से देवास की ओर जाने वाले मार्ग की भी चौड़ाई बढ़ाई जाना है, इसके लिए योजना बनाई जा रही है। बैठक में बताया गया कि रेडिसन चौराहा से विजय नगर की ओर जाने के लिए एलिवेटेड ब्रिज बन जाये तो मुख्य मार्ग और ट्राफिक का बोझ कम होगा। इसी तरह मालवा मिल और स्कीम नम्बर 140 में भी एलिवेटेड ब्रिज बनना

युवा संगम - दिव्यांगजनों के संग

# दिव्यांगजनों को रोजगार, स्वरोजगार और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु केरियर काउंसलिंग सत्र का हुआ आयोजन

रणजीत टाइम्स

**इंदौर**। जिले में दिव्यांगजनों को निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग दिये जाने की पहल पर आज जिला प्रशासन इंदौर द्वारा सशक्त दिव्यांग रोजगार पोर्टल के माध्यम से प्रेस्टिज इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च सेंटर में केरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। बडी संख्या में युवा दिव्यांगजन सत्र में उपस्थित हुए।

दिव्यांगजनों को नई तकनीक आर्टिफिशियल अंटेलिजेंस से अवगत कराया गया। सत्र में काउंसलर सुश्री प्रियंका तिवारी रोजगार परामर्शदाता द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजन निजी क्षेत्रों में रोजगार के लिए आगे आए। दिव्यांगजनों में अनेको योग्यता और कार्य-क्षमता होती है, इन कार्यक्षमताओं को आम लोगों के सामने लाए।

चाणक्य इंस्टीट्यूट के काउंसलर अरशाद खान द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए दिव्यांगजनों को निःशुल्क कोचिंग जिला प्रशासन सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से दी जायेगी, जिसका लाभ लेने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर संचालक प्रेस्टिज कॉलेज श्री सुब्रमैनियन अय्यर द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गए। भारत के पहले बिना हाथ कार चलाने वाले लाइसेंस होल्डर लिम्का रिकार्डधारी विक्रम अग्रिहोत्री द्वारा सत्र में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में निजी कम्पनियों में रोजगार स्वरोजगार की उपलब्धता पर प्रकाश डाला। रेडडीज फॉउण्डेशन की सुश्री स्वाती तिवारी द्वारा निजी इकाई में रोजगार दिलाने तथा फाउण्डेशन द्वारा दो माह तक दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण हेतु आवासीय सुविधा के बारे में बताया गया। काउंसलर शैफुद्दीन शेख द्वारा भी दिव्यांगजनों को मोटिवेट किया गया। करियर काउंसलिंग सत्र में उपस्थित काउंसलरों का स्वागत संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्रीमति सुचिता तिर्की बेक द्वारा किया गया। इस अवसर पर ज्ञानेन्द्र पुरोहित, गौरव मुछाल, नीता कुचेरिया, कल्पना जाधव एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांकेतिक भाषा अनुवाद मूक बधिर संगठन के इंटरप्रिटेशन संजय पंडित द्वारा किया गया।

# जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण कार्यशाला सम्पन्न

रणजीत टाइम्स

**इंदौर**। जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण कार्यशाला का आयोजन आज जिला पंचायत कार्यालय इंदौर के सभागार में किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, जनजाति कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन ने की। जिला नोडल अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. संतोष सिसोदिया ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी गई।

सिद्धार्थ जैन ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि यदि जिंदगी चुनना है तो तंबाकू छोड़ना होगा, साथ ही किशोरों एवं युवाओं को इससे बचने के लिये समझाइश देना होगा। तंबाकू स्वास्थ्य के लिये खतरा है, इससे गंभीर बीमारियां, कैंसर, फेफड़ों संबंधी रोग, बांझपन, हृदय एवं रक्त संबंधी रोग, मस्तिष्क संबंधी रोग होता है। उन्होंने यह भी कहा कि तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ना है। इंदौर की उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए सामूहिक प्रयासों से जिले को तंबाकू मुक्त बनाया जा सकता है। सभी विभागों को इस लक्ष्य को गंभीरता से लागू करने के लिए निर्देशित किया गया है।



कार्यशाला में कार्यकारी निदेशक मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन मुकेश कुमार सिन्हा ने तंबाकू नियंत्रण कानून (COTPA-2003) की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत में 13 से 14 लाख लोगों की मृत्यु तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के कारण होती है। वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण (2016-17) के अनुसार मध्य प्रदेश में 34 प्रतिशत वयस्क किसी न किसी रूप में तंबाकू सेवन करते हैं और वैश्विक युवा तंबाकू सर्वेक्षण (GYTS-2019) के अनुसार मध्य प्रदेश में 13-15 वर्ष के 3-9 प्रतिशत विद्यार्थी किसी न किसी रूप में तंबाकू सेवन करते हैं। तंबाकू समस्या को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार द्वारा तंबाकू नियंत्रण कानून सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा उत्पादन, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 (COTPA 2003) बनाया गया है। इस कानून की धारा-6 के अनुसार नाबालिगों द्वारा तंबाकू उत्पाद की बिक्री दंडनीय अपराध है। शैक्षिक संस्थानों की 100 गज दूरी में किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद की बिक्री प्रतिबंधित है।

इसी के साथ उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार की तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान गाईडलाइन्स, राज्य सरकार के आदेश एवं भारतीय तम्बाकू नियंत्रण कानून (COTPA-2003) की विभिन्न धाराओं के अनुसार जिले के समस्त शिक्षण संस्थाओं को तम्बाकू मुक्त बनाया जाए। इलेक्ट्रानिक सिगरेट प्रतिषेध अधिनियम, 2019 के अनुसार ई-सिगरेट पूर्णतः प्रतिबंधित है। प्रतिषेध कानून 2019 की धारा 4 के अनुसार ई-सिगरेट का उत्पादन व निर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, विक्रय, वितरण, विज्ञापन पर प्रतिषेध है। जिले में यदि कोई भी व्यक्ति प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इसमें लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ उचित दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है। राज्य सरकार ने हुक्का बार प्रतिबंधित किया है, यदि कोई हुक्का बार संचालित करते हुए पाया जाता है तो दंडात्मक कार्यवाही के रूप में आर्थिक हर्जाना एवं कारावास का प्रावधान है। "तम्बाकू मुक्त गाँव" भारत सरकार की Standard Operating Procedure-2024 के अनुसार जिले में तम्बाकू मुक्त गाँव बनाने की जानकारी सांझा की गयी। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (NTCP) की जानकारी साझा करते हुए कहा कि समिति की बैठक हर तिमाही राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित की जाएगी एवं जिले के समस्त विभागों के साथ समन्वय कर कार्यक्रम को सशक्त बनाया जायेगा।